राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## देश और प्रदेशवासियों के मंगल के लिए की कामना

## राज्यपाल श्री मिश्र ने काशी विश्वनाथ और संकटमोचन हनुमान के दर्शन और पूजा–अर्चना की

जयपुर/वाराणसी, 21 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर वहां विशेष पूजा–अर्चना की। उन्होंने परिजनों सहित भगवान शिव का अभिषेक करते हुए देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र बाद में वाराणसी में ही संकटमोचन हनुमान मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने वहां हनुमानजी के दर्शन कर देश और प्रदेशवासियों के लिए मंगल की कामना की।

———————

## दुर्गाष्टमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 21 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दुर्गाष्टमी (22 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दुर्गाष्टमी पर मां महागौरी से सभी की संपन्नता, सुख, शांति और आरोग्य के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने मां भगवती से सबकी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की है

———